01/10/2024

Tender Heart High School, Sector-33 B Chandigarh

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

पुस्तक - नवतरंग -2 उपविषय - पाठ -6 (बड़े काम की चीज़)

टीचर - सुमन शर्मा

सुप्रभात बच्चो!

आज हम पाठ - 6 'बड़े काम की चीज़' जो कक्षा दूसरी के विषय हिन्दी की पाठ्य पुस्तक नवतरंग -2 के पेज नं० 39 पर दिया गया है, पढ़ने जा रहे हैं।

यह पाठ आपको 3 अक्तूबर, 2024 को भेजा जाएगा। यह आवाज़, सुमन शर्मा की है।

सभी बच्चे अपनी पाठ्य पुस्तक नवतरंग -2 का पेज नं० 39 खोल लें ताकि हम पाठ पढ़ना शुरु कर सकें। आप सब इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

मार्च का महीना था। दोपहर का समय था। दादा जी ने छतरी उठाई और बाहर जाने लगे। छह साल की मिष्टी भागी-भागी दादा जी के पास आई और बोली आप कहाँ जा रहे हैं दादा जी?

दादा जी - मैं डाकघर जा रहा हूँ। यह पत्र स्पीड पोस्ट से भेजना है। फिर कुछ बाज़ार का काम है।

मिष्टी - दादा जी, बारिश नहीं हो रही है, तो आप यह छतरी क्यों ले जा रहे हैं?

दादा जी - (मुसकराकर) मिष्टी, यह छातरी बड़े काम की चीज़ है। यह केवल बारिश से ही नहीं बल्कि धूप से भी बचाती है। और तो और एक

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दूसरी                    विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ - 6 'बड़े काम की चीज़'

टीचर - सुमन शर्मा

छड़ी का काम भी करती है।

दादी जी - पहले समय में तो राजा - महाराजा जब चलते थे, तो उनके सेवक छत्र पकड़कर पीछे - पीछे चलते थे।

मिष्टी - अच्छा! छतरी का उपयोग इतने पुराने समय से होता आ रहा है।

दादा जी - हाँ, पहले समय में पेड़ की बड़ी पत्तियों को छतरी की तरह लगाते थे।

मिष्टी - बारिश में तो पत्तियाँ भी भीग जाती होंगी फिर यह छतरी कैसे बनी?

दादा जी - कार्तिक भैया से पूछो। वह इंटरनेट पर ढूँढ़ेगा छाते की कहानी। मैं अभी आता हूँ।

(मिष्टी कार्तिक भैया को बुलाती है। कार्तिक अपना लैपटॉप लेकर आता है।)

बच्चो! अब आपने पाठ का काफी हिस्सा / भाग सुन लिया है। अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक के दौरान आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखोगे।

प्र०1. दादा जी किस समय बाहर जाने लगे थे?

प्र०2. मिष्टी कितने साल की थी?

प्र०3. छत्र पकड़कर राजा के पीछे - पीछे कौन चलता था?

प्र०4. दादा जी ने मिष्टी को किसे छाते की कहानी इंटरनेट से ढूँढ़ने के लिए कहा?

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ-6 'बड़े काम की चीज़', टीचर - सुमन शर्मा

(ब्रेक का समय समाप्त)

बच्चो। आपने ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। मैं इनके उत्तर आपको बता देती हूँ।

उ० 1. दादा जी दोपहर के समय बाहर जाने लगे थे।

उ० 2. मिष्टी छह साल की थी।

उ० 3. छत्र पकड़कर राजा के पीछे-पीछे उसके सेवक चलते थे।

उ० 4. दादा जी मिष्टी को कार्तिक से इंटरनेट पर छाते की कहानी ढूँढ़ने के लिए कहा।

आइए अब मैं पाठ को आगे बढ़ाती हूँ।

कार्तिक — पहले इजिप्ट में चिड़ियों के पंखों और पत्तों से छतरियाँ बनती थीं। वहाँ अधिक बारिश नहीं होती है इसलिए लोग धूप से बचने के लिए ये छतरियाँ लगाते थे।

दादी जी — बारिश से बचने वाली छतरियाँ तो सबसे पहले चीन में बनी थीं। इंग्लैंड में भी महिलाएँ सुंदर-सुंदर रंग-बिरंगे छाते लेकर चलती थीं। तुम्हारे दादा जी इंग्लैंड से मेरे लिए भी एक रंग-बिरंगी छतरी लाए थे।

मिष्टी — कहाँ है वह छतरी दादी? दिखाइए ना।

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ -6 'बड़े काम की चीज़' टीचर - सुमन

कार्तिक - इसमें लिखा है कि अमेरिका में छतरियों का एक संग्रहालय भी है। वहाँ हज़ार से भी अधिक छतरियाँ हैं। वहाँ 10 फरवरी को 'नेशनल अंब्रेला डे' मनाते हैं।

दादा जी - मिष्टी देखो, तुम्हारे लिए क्या लाया हूँ!

मिष्टी -(दादा जी से छतरी लेते हुए) इतनी सुंदर रंग - बिरंगी छतरी मेरे लिए। क्या डाकघर में छतरी भी मिलती है दादा जी?

गृहकार्य → सभी बच्चे इस पाठ को दो -तीन बार उच्च स्वर में पढ़ने का प्रयास करेंगे।

(Last Page)

Scanned with ACE Scanner

Tender Heart High School, sector - 33 B Chandigarh

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ - 6 बड़े काम की चीज़

टीचर - सुमन शर्मा

# Answer Key

★ पाठ बोध

प्रश्न 1. दादा जी ने कहाँ जाने के लिए छतरी उठाई ?

उत्तर - दादा जी ने बाहर जाने के लिए छतरी उठाई ।

प्रश्न 2. पुराने समय में राजा के सेवक क्या पकड़कर चलते थे?

उत्तर - पुराने समय में राजा के सेवक छत्र पकड़कर चलते थे।

प्रश्न 3. अमेरिका में 'नेशनल अंब्रेला डे' कब मनाया जाता है?

उत्तर - अमेरिका में 'नेशनल अंब्रेला डे' 10 फरवरी को मनाया जाता है।

प्रश्न 4. बारिश से बचने वाली छतरियाँ सबसे पहले कहाँ बनीं?

उत्तर बारिश से बचने वाली छतरियाँ सबसे पहले चीन में बनीं।

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ -6 बड़े काम की चीज़

## Answer Key

प्रश्न 5 छतरियों का संग्रहालय कहाँ पर है?

उत्तर छतरियों का संग्रहालय अमेरिका में है।

☆ प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में लिखें -

प्रश्न 1. दादा जी छतरी लेकर क्यों जा रहे थे?

उत्तर - दादा जी छतरी लेकर इसलिए जा रहे थे क्योंकि छतरी बड़े काम की चीज़ है। यह हमें केवल बारिश से नहीं बल्कि धूप से भी बचाती है और यह एक छड़ी का काम भी करती है।

प्रश्न 2. पहले छतरियाँ किन चीज़ों से बनाई जाती थीं?

उत्तर - पहले छतरियाँ चिड़ियों के पंखों तथा पेड़ की बड़ी पत्तियों से बनाई जाती थीं।

प्रश्न 3. छतरी के बारे में कोई तीन बातें लिखो -

उत्तर -1) यह हमें बारिश से ही नहीं धूप से भी बचाती है।

Scanned with ACE Scanner

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ-6 बड़े काम की चीज़

2) छतरी एक छड़ी का काम भी करती है।
3) बारिश से बचनेवाली छतरियाँ तो सबसे पहले चीन में बनी थीं।

☆ शब्द अर्थ -

1) उपयोगी - काम की
2) पर्व - त्योहार
3) संग्रहालय - पुरानी-दुर्लभ चीज़ों को रखने का स्थान
4) छत्र - छतरी
5) ठहाका मारना - ज़ोर से हँसना

☆ वाक्य बनाओ -

1) छतरी → मेरे दादा जी के पास एक छतरी है।
2) बारिश → आज बारिश हो रही है।
3) पेड़ → हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए।
4) डाकघर → दादा जी डाकघर जा रहे हैं।

☆ पाठ में आए ये वाक्य किसने कहे हैं? नाम लिखें -

क) यह छतरी बड़े काम की चीज़ है। — दादा जी ने
ख) बारिश में तो पत्तियाँ भी भीग जाती होंगी। — मिष्टी ने
ग) अमेरिका में छतरियों का एक संग्रहालय भी है। — कार्तिक ने
घ) बारिश से बचने वाली छतरियाँ पहले चीन में बनी थीं। — दादी जी ने

Scanned with ACE Scanner

* खाली स्थान भरो-
1) मार्च का महीना था।
2) दादा जी दोपहर के समय बाहर जाने लगे थे।
3) अमेरिका में छतरियों का एक संग्रहालय भी है।
4) मिष्टी छह साल की थी।

Scanned with ACE Scanner